
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

03 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हर सुबह एक नया अवसर है, हर दिन को
नई शुरुआत के रूप में अपनाओ।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

3 मार्च 2025

## Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

प्रकृति ने कभी मानव पर खुलकर दया नहीं दिखाई, मानव ने उसकी बाधाओं के रहते हुए उस पर विजय प्राप्त की।



- राहुल सांकृत्यायन

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

03 मार्च

विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी तिथि, सोमवार 03 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"यदि हमें अपने महान् पूर्वजों की भाँति कर्म करने का अवसर न मिले, तो हमें कम–से–कम उनकी भाँति विचार रखने चाहिए और उनकी उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए।"

– डिमास्थिनीज

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1845– फ्लोरिडा अमेरिका का 27वां राज्य बना।

1915– नाका की स्थापना हुई, जो बाद में नासा बना।

1923– टाइम पत्रिका का पहला अंक प्रकाशित हुआ था।

Gyan Drishti

1. **विश्व वन्यजीव दिवस–** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 20 दिसम्बर, 2013 में प्रतिवर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की आधिकारिक घोषणा की। इसका प्रमुख उद्देश्य विश्व को वन्य जीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना तथा मानव के कारण वन्य जीव प्रजातियां की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को बतायें कि कौन–कौन से वन्य जीव विलुप्त हो चुके हैं तथा कौन–कौन से विलुप्ति के कगार पर है।

2. **जमशेद जी टाटा का जन्म दिवस–** 'भारतीय उद्योग के जनक' जमशेद जी नौशेरवान जी टाटा का जन्म 3 मार्च, 1839 ई. को गुजरात में एक पारसी परिवार में हुआ था। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध औद्योगिक समूह 'टाटा' की स्थापना की तथा 'जमशेदपुर टाटा' शहर को बसाया। ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने अपने पिता की कम्पनी में काम संम्भालना शुरू किया। उन्होंने ही मुम्बई में ताज होटल की स्थापना किया था। बाकि टाटा समूह की आने वाली पीढ़ियों ने उनके बाकि लक्ष्य पुरे किये।
   - **संदर्भः हमारी दुनिया–इकाई 3(क) पृष्ठ 80 के** संदर्भ में बच्चों को बताया जा सकता है।

3. **औरंगजेब का निधन–** छठे मुगल बादशाह औरंगजेब (अबुल मुज़फ्फर मुहिउद्दीन मुहम्मद औरंगजेब आलमगीर) का निधन 3 मार्च, 1707 ई. को हुआ था। औरंगजेब ने 1658 ई. से लेकर 1707 ई. तक अर्थात् आधी सदी से भी ज्यादा समय तक राज्य किया। वह अकबर के बाद सबसे ज्यादा समय तक शासन करने वाला मुगल शासक था। दौलताबाद या औरंगाबाद में स्थित फकीर बुरूहानुद्दीन की कब्र के अहाते में उसे दफना दिया गया।
   - **संदर्भः** बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग–2 के पाठ 4 मुगल साम्राज्य पृष्ठ 74** से जोड़कर बतायें।

4. **ग्राहम बेल का जन्म–** टेलीफोन के अविष्कारक एलेक्जेंडर ग्राहम बेल का जन्म 3 मार्च, 1847 ई. को एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड में हुआ था। टेलीफोन के अलावा ग्राहम ने मूक बधिरों के लिए 'ऑडियोमीटर' का अविष्कार किया जिसके द्वारा वे आसानी से बात समझ कर बात कर सकते हैं। इसके अलावा फोटोफोन का निर्माण भी किया था, जो एक वायरलेस टेलीफोन था।
   - **संदर्भः विज्ञान भाग 3, पाठ 18, ध्वनि** से जोड़कर चर्चा करें।

5. **विश्व पुस्तक दिवस–** माना जाता है कि किताब इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। यह वाकई कितना सच है इसे जानने के लिए आपको किताबों से दोस्ती करनी होगी। एक तरफ किताबें दुनिया से परिचय करवाती हैं वहीं दूसरी ओर ज्ञानवर्द्धन भी करती है। प्रिंटिंग प्रेस के अविष्कार के बाद किताबों का व्यावसायीकरण प्रारंभ हुआ। चुटकुले, कॉमिक्स, कार्टून, कहानी, कविता, रोचक जानकारी व इनसाइक्लोपीडिया आदि आपकी मनोरंजन के साथ–साथ जीवन का पाठ भी सिखलाती है। बच्चों के लिए लिखी जाने वाली किताबें बाल साहित्य कहलाती है। बच्चों के लिए पहली चित्रों वाली कहानी की किताब 'आर्बिल पिक्चर' थी।

6. **विश्व श्रवण दिवस–** विश्व श्रवण दिवस बहरेपन की रोकथाम हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा हर साल 3 मार्च को आयोजित किया जाने वाला एक अभियान है। अभियान का उद्देश्य जानकारी साझा करना और श्रवण हानि की रोकथाम और बेहतर श्रवण देखभाल की दिशा में कार्रवाई को बढ़ावा देना है। पहला आयोजन 2015 में हुआ था। इससे पहले इसे अंतर्राष्ट्रीय कान देखभाल दिवस के रूप में जाना जाता था।

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

3 मार्च


मधु प्रिया

## जमशेदजी टाटा का जन्म 3 मार्च



जमशेदजी टाटा का जन्म सन् 3 मार्च 1839 में गुजरात के एक छोटे से कस्बे नवसारी में हुआ था, उनके पिता जी का नाम नौशेरवांजी व उनकी माता जी का नाम जीवनबाई टाटा था। पारसी पादरियों के अपने खानदान में नौशेरवांजी पहले व्यवसायी थे। भाग्य उन्हें बम्बई ले आया, जहाँ उन्होंने व्यवसाय में कदम रखा। जमशेदजी 14 साल की नाज़ुक उम्र में ही पिताजी का साथ देने लगे। जमशेदजी ने एल्फिंस्टन कॉलेज में प्रवेश लिया और अपनी पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने हीरा बाई दबू से विवाह कर लिया था। स्नातक के बाद अपने पिता के व्यवसाय से पूरी तरह जुड़ गये।टाटा समूह को भारत में सबसे धनवान समूह होने पर उतना गर्व नहीं होगा जितना कि अपने सबसे विश्वासनीय समूह होने पर होगा। 2011 में इक्विटीमास्टर के एक सर्वे में 61% लोगों ने टाटा को सबसे विश्वास ने कंपनी घोषित किया बहुत दुर्लभ है। कि कोई समूह सबसे धनवान भी हो और विश्वासनीय भी, लेकिन यही तो टाटा की पहचान है। उसकी साख है और टाटा ब्रांड का जादू है !जमशेदजी टाटा भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति तथा औद्योगिक घराने टाटा समूह के संस्थापक थे। भारतीय औद्योगिक क्षेत्र में जमशेदजी ने जो योगदान दिया वह अति असाधारण और बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। जब सिर्फ यूरोपीय, विशेष तौर पर अंग्रेज़, ही उद्योग स्थापित करने में कुशल समझे जाते थे, जमशेदजी ने भारत में औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया था। टाटा साम्राज्य के संस्थापक जमशेदजी द्वारा किए गये कार्य आज भी लोगों प्रोत्साहित करते हैं। उनके अन्दर भविष्य को भाँपने की अद्भुत क्षमता थी जिसके बल पर उन्होंने एक औद्योगिक भारत का सपना देखा था। उद्योगों के साथ-साथ उन्होंने विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के लिए बेहतरीन सुविधाएँ उपलब्ध करायीं।जमशेदजी टाटा भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति तथा औद्योगिक घराने टाटा समूह के संस्थापक थे। भारतीय औद्योगिक क्षेत्र में जमशेदजी ने जो योगदान दिया वह अति असाधारण और बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। जमशेदजी ने भारत में औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया था। टाटा साम्राज्य के संस्थापक जमशेदजी द्वारा किए गये कार्य आज भी लोगों प्रोत्साहित करते हैं। उनके अन्दर भविष्य को भाँपने की अद्भुत क्षमता थी जिसके बल पर उन्होंने एक औद्योगिक भारत का सपना देखा था। उद्योगों के साथ-साथ उन्होंने विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के लिए बेहतरीन सुविधाएँ उपलब्ध करायीं।

# जयंती विशेष 03 मार्च




**अलेक्जेंडर ग्राहम बेल** (Alexander Graham Bell) (3 मार्च 1847 – 2 अगस्त 1922) को पूरी दुनिया आमतौर पर टेलीफोन के आविष्कारक के रूप में ही ज्यादा जानती है। बहुत कम लोग ही यह जानते हैं कि ग्राहम बेल ने न केवल टेलीफोन, बल्कि कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कई और भी उपयोगी आविष्कार किए हैं। ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।


राकेश कुमार

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### एन्टिमोनी(Antimony)

संकेत (Symbol) - Sb

परमाणु संख्या (Atomic number) --51

समूह (group)-15

आवर्त (period)-5


ब्लाक (block)-p

संयोजकता (valancy)-5

समस्थानि (isotope)-2

परमाणु भार A.weight -121.76

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास - $[Kr]4d^{10}5s^{2}5p^{3}$




### खोज

1540,बनोसियो बिरिंगुशियो

### भौतिक गुण

चमकदार,ब्लू- ग्रे, भंगुर, कठोर ,धातु

### रासायनिक गुण

उष्मा, विधुत का खराब संवाहक, रासायनिक रूप से निष्क्रिय

### उपयोग

बैटरी, सेमीकंडक्टर, केबल, आटोमोटिव,सुरमा

Anu priya

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **03.03.2025**

## भाष्य विधि

भाष्य विधि, किसी पाठ की व्याख्या या टीका करने का तरीका है. भाष्य विधि, उच्च स्तर के छात्रों के लिए अच्छी मानी जाती है. इस विधि में कथा के समान श्लोकों के उदाहरणों के ज़रिए समझा जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**नॉदर्न सफेद गैंडो** की नस्ल में अब सिर्फ दो ही जीव बचे हैं। धरती पर **माँ-बेटी** की यह आखिरी जोड़ी है जो जल्द ही **विलुप्त** हो जाएगी।



राकेश कुमार

# बिहार दिवस विशेष

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री






आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

**5.** बिहार भारत की कुल आबादी का **8.60%** हिस्सा है और यह जनसंख्या के मामले में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद तीसरा सबसे बड़ा राज्य है ।

**6.** बिहार की जनसंख्या घनत्व **1,106** व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है, जो भारत में सबसे अधिक है।

राकेश कुमार

Class 3
EVS


ToB TLM


## कुछ कच्चा कुछ पका हुआ

**कच्चा भोजन:-** कच्चा भोजन , खानपान की वह शैली है जिसमें केवल बिना पकायी गई भोजन ही किया जाता है। इसके अंतर्गत अनेकों तरह के फल, सब्जियां, बीज अंडा, और दुग्ध उत्पाद आदि सम्मिलित हैं।

**पका भोजन:-** वैसे खाद्य पदार्थ जो घी या तेल में तलने के पश्चात बनाते हैं पका भोजन कहलाता है जैसे- पूरी, कचोरी आदि।

मनुष्य को कच्चा और पका दोनों प्रकार के भोजन का सेवन करना चाहिए। कच्चा भोजन खाने से हमें ज्यादा पौष्टिक तत्व मिलते हैं। लेकिन कुछ पके हुए भोजन भी पौष्टिक तत्वों से भरपूर होते हैं। दोनों खाद्य पदार्थों के अलग-अलग फायदे और नुकसान है। इसलिए कुछ चीजों को कच्चा और कुछ चीजों को पका हुआ खाना चाहिए।






पुनीता कुमारी

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## कार्य को आसान बनाने के लिए स्क्रू जैक मददगार है कैसे?

स्क्रू जैक को थोड़ा-थोड़ा करके घुमाया जाता है, जिससे कार्य छोटे-छोटे टुकड़े में बंट जाता है। अतः संपूर्ण कार्य करना आसान हो जाता है।




Madhu priya

TOB
खेल कॉर्नर

# वनडे में सबसे ज्यादा टॉस हारने वाली टीम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत<br>2023-2025 | 12 | बार |
| 2 | नीदरलैंड<br>2011-2013 | 11 | बार |
| 3 | इंग्लैंड<br>2017-2017 | 9 | बार |



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TEACHERS OF BIHAR
Presents
CYBERमंत्र
साईबर शिक्षा से साईबर सुरक्षा
04
सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म पर किसी भी व्यक्ति से बातचीत करते समय उसकी प्रामाणिकता की जाँच करें।
शिकायत हेतु :
https://cybercrime.gov.in
विद्यालयी प्रणाली हेतु दिशानिर्देश:
https://ciet.nic.in/pages.php?id=book-let-on-cyber-safetysecurity&ln=en&ln=en
M.priya
www.teachersofbihar.org

वर्ष 2025 माह फरवरी अंक 38

# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




प्रधान सम्पादक :- धीरज कुमार (शिक्षक) [उ०म०वि ०सिलौटा(भभुआ)कैमूर (बिहार)]

Teachers of Bihar- +91 7250818080
Dhiraj Kumar- +91 9431680675
Info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com
www.teachersofbihar.org